# कोटा विश्वविद्यालय, कोटा

एम.बी.एस. मार्ग, कबीर सर्किल के पास, कोटा-324005 (राज.)

**दिनांकः 07/09/2026**

**राज्य पात्रता परीक्षा (SET)-2026**
**अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश**

कोटा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही राज्य पात्रता परीक्षा **(SET)-2026** के अभ्यर्थियों हेतु महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश :–

1. यह परीक्षा दिनांक 13 सितम्बर, 2026 को प्रदेश के सात संभाग मुख्यालयों (अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर) पर प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित होगी।
2. अभ्यर्थी प्रवेश पत्र (पृष्ठ संख्या 1 से 3) अपने **SSO ID** के माध्यम से दिनांक 8 सितम्बर, 2026 से डाउनलोड कर सकते है।
3. अभ्यर्थी के प्रवेश पत्र पर परीक्षा केन्द्र का क्यूआर कोड केवल सांकेतिक है। अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि किसी भी असुविधा से बचने के लिये परीक्षा से एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र पर जाकर केन्द्र की लोकेशन सुनिश्चित कर लेना चाहिए।
4. अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर अपने प्रवेश पत्र की रंगीन फोटो कॉपी (पृष्ठ संख्या 1 से 3), मूल फोटोयुक्त पहचान पत्र (केवल आधार कार्ड मान्य) तथा एक रंगीन नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो (जैसी अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन के समय उपयोग की गई थी) लाना अनिवार्य है।
5. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रातः 9:00 बजे से 10:00 बजे तक रहेगा। प्रातः 10 बजे के उपरान्त परीक्षार्थी का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।
6. परीक्षा केन्द्र पर मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, केलकुलेटर, इलेक्ट्रोनिक गैजेट, किताब, नोट्स इत्यादि लाना पूर्णतया वर्जित है।
7. परीक्षा केन्द्र पर आधी आस्तीन/बॉह के हल्के रंग के कपडे, कम हील वाली चप्पल/सेण्डल पहनकर ही प्रवेश अनुमत है। अतः अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उक्त की ड्रेस कोड की पालना सुनिश्चित करे।
8. विशेष परिस्थितियों के तहत, जो अभ्यर्थी पारम्परिक/सांस्कृतिक/धार्मिक पोषाक पहनकर आ रहे है, उन्हें अच्छी तरह से तलाशी के लिये रिपोर्टिंग समय से कम से कम एक घंटा पहले परीक्षा केन्द्र पर पहुॅचना होगा।
9. अभ्यर्थी अपने साथ लेकर आये हुये काले/नीले बॉल पॅाइन्ट पेन का ही **OMR** में उपयोग करें। **OMR** शीट पर व्हाइटनर/ब्लैड का प्रयोग ना करे।
10. परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र बुकलेट की सील खोलकर सर्वप्रथम सभी पृष्ठों की जॉच करेंगे कि प्रश्न–पत्र बुकलेट के सभी पृष्ठ एवं प्रश्न पूर्णतया सही मुद्रित है कोई पृष्ठ खाली, फटा अथवा गायब तो नहीं है तथा किसी भी पृष्ठ की पुनरावृत्ति तो नहीं है।
11. त्रुटिपूर्ण प्रश्न–पत्र पुस्तिका **(Q.P.B.)** के बदलने का समय 10.55 से 11.00 बजे तक रहेगा।
12. **OMR** उत्तर पत्रक पर परीक्षार्थी अपना रोल नंबर, विषय तथा प्रश्न पत्र पुस्तिका का कोड ध्यानपूर्वक भरे।
13. अनुचित साधन का प्रयोग करते हुऐ पाये जाने पर अभ्यर्थी के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी।
14. परीक्षा से संबंधित नवीनतम जानकारी के लिये अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइटः **www.uok.ac.in** का अवलोकन करे।

**समन्वयक, सेट–2026**